झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 166 • दुमका • शुक्रवार, 25 जून 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव :मोदी

कश्मीर/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर पर 8 दलों के 14 नेताओं के साथ करीब 3 घंटे तक बैठक की। प्रधानमंत्री आवास पर चली इस बैठक में मोदी ने संदेश दिया कि जम्मू-कश्मीर से दिल्ली और दिल की दूरी कम होगी। उन्होंने परिसीमन के बाद जल्द विधानसभा चुनाव कराए जाने की बात भी कही और नेताओं से ये भी कहा कि वे इस प्रक्रिया में शामिल हों।

बैठक में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती समेत गुपकार अलायंस के बड़े नेता भी मौजूद थे। इनके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद भी बैठक में शामिल हुए।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक मतभेद होंगे लेकिन सभी को राष्ट्रहित में काम करना चाहिए ताकि जम्मू-कश्मीर के लोगों को फायदा हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी के लिए सुरक्षा और सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करने की जरूरत है।

● बैठक के बाद बोले पीएम मोदी, जल्द हों चुनाव, युवाओं को मिले मौका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन की प्रक्रिया तेज गति से पूरी होनी है ताकि वहां विधानसभा चुनाव कराए जा सकें और एक निर्वाचित सरकार का गठन हो सके जो प्रदेश के विकास को मजबूती दे। मोदी ने संदेश दिया कि जम्मू-कश्मीर से दिल्ली और दिल की दूरी कम होगी। जम्मू-कश्मीर के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट कर यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता केंद्रशासित प्रदेश में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना है। सर्वदलीय बैठक को जम्मू-कश्मीर को विकसित और प्रगतिशील प्रदेश के रूप में विकसित करने के जारी प्रयासों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना है।''

'फिर कह रही हूं जम्मू-कश्मीर की भलाई के लिए पाक से बात करे मोदी सरकार' : महबूबा

नई दिल्ली/एजेंसी।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर पाकिस्तान से बातचीत करने की जरूरत दोहराई है। उन्होंने कहा कि मैंने सर्वदलीय बैठक में पीएम से कहा कि आप लोग अगर चीन से बात कर रहे हैं तो जम्मू-कश्मीर के लोगों की भलाई के लिए पाकिस्तान से भी बातचीत कीजिए। जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान के बीच ठप व्यापार को दोबारा शुरू करने के लिए इसकी बहुत जरूरत है। हजारों लोगों का रोजगार बंद पड़ा है। इसके अलावा राज्य में जो धरपकड़ और सख्ती का माहौल है, उसे भी सुधारने की जरूरत है।

सारे मोदी चोर' बयान पर कोर्ट में बोले राहुल- कटाक्ष था बयान, किसी समाज के खिलाफ नहीं

नई दिल्ली/एजेंसी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार सुबह गुजरात के सूरत पहुंचे। राहुल गांधी को यहां एक स्थानीय अदालत में पेश होना था। लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान राहुल द्वारा दिए गए एक बयान के खिलाफ यहां पर मानहानि का केस दर्ज करवाया गया था, इसी मामले में राहुल गांधी की आज पेशी हुई। राहुल ने अपने एक संबोधन में 'सारे मोदी चोर' हैं कि बात कही थी। राहुल गांधी की ओर से कोर्ट में बयान दर्ज करा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, राहुल गांधी ने अदालत में कहा है कि उन्होंने किसी समाज के लिए ये बात नहीं कही, बल्कि चुनाव के दौरान एक राजनीतिक कटाक्ष किया था। इस मामले में उन्हें ज्यादा याद नहीं है। कोर्ट की ओर से याचिकाकर्ता की उस मांग को ठुकरा दिया गया है, जिसमें कैमरामैन का बयान दर्ज कराने की बात कही गई थी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। सूरत की कोर्ट में पेशी से पहले राहुल गांधी ने एक ट्वीट भी किया। राहुल ने अपने ट्वीट में लिखा कि अस्तित्व का पूरा रहस्य यही है कि कोई डर ना हो। किस मामले में पेशी?

गुजरात के भारतीय जनता पार्टी के विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाया था।

सीएम ममता का केंद्र पर हमला, कहा- आखिर जम्मू कश्मीर से पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों छीना गया?

कोलकाता/एजेंसी।

दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर जम्मू-कश्मीर को लेकर जारी अहम बैठक के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि केंद्र ने आखिर जम्मू कश्मीर से पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों छीना गया? ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए था। कश्मीर की आजादी नहीं छीननी चाहिए थी। ममता ने आगे सवाल किया कि दो साल में भाजपा नेता के अलावा कोई भी कश्मीर नहीं जा सका। क्या सिर्फ भाजपा देशभक्त है, बाकी सब आतंकवादी हैं? सीएम ममता ने कहा कि केंद्र सरकार के इस कदम की वजह से पूरी दुनिया में भारत की छवि धूमिल हुई। सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए था। माना जा रहा है कि ममता के इस बयान के बाद भाजपा इसे राजनीतिक मुद्दा बना सकती है और राज्य में सरकार को घेरने का काम करेगी। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के करीब दो साल बाद आज पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के आठ राजनीतिक दलों के 14 नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।

पीएम मोदी के संग कश्मीरी नेताओं की बैठक शुरू हो गई है। हालांकि, सर्वदलीय बैठक के एजेंडा का खुलासा नहीं किया गया। पीएम मोदी के संग सर्वदलीय बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और कांग्रेसी नेता गुलाम नबी आजाद समेत कई बड़े नेता मौजूद हैं

गिरफ्तारी से बचने के लिए ट्विटर के एमडी ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली/एजेंसी।

बुलंदशहर निवासी बुजुर्ग की लोनी में दाढ़ी काटने के मामले में वायरल वीडियो को लेकर ट्विटर इंडिया के एमडी मनीष माहेश्वरी को पूछताछ के लिए गुरुवार को लोनी थाने पहुंचना है। उनके आने से पहले ही लोनी थाने के बाहर मीडिया कर्मियों का बड़ा जमावड़ा लग गया है। वहीं मनीष माहेश्वरी द्वारा कर्नाटक हाईकोर्ट में डाली गई एक याचिका के चलते उनकी लोनी थाने में पेशी की संभावना अब न के बराबर हो गई है।

एक ओर जहां गाजियाबाद थाने में मनीष माहेश्वरी का इंतजार चल रहा है तो दूसरी तरफ गिरफ्तारी से बचने के लिए माहेश्वरी के अधिवक्ता ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका डाली है।

दुनिया का सबसे सस्ता स्मार्टफोन

रिलायंस लाया नया जियो फोन, 10 सितंबर को होगा लॉन्च

नयी दिल्ली/एजेंसी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी 44वीं एजीएम में दुनिया का सबसे सस्ता स्मार्टफोन 'जियोफोन नेक्स्ट' लॉन्च करने का एलान किया। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने इस फोन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब भी देश में 30 करोड़ लोग स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। उनके पास बेसिक फोन है। ऐसे लोगों की पहुंच स्मार्टफोन तक बनाने के लिए कंपनी जियोफोन नेक्स्ट पेश करेगी।

जियोफोन नेक्स्ट इस साल गणेश चतुर्थी यानी 10 सितंबर से बाजार में आ जाएगा। इस फोन को रिलायंस ने गूगल के साथ मिलकर तैयार किया है।

यह फोन एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलेगा। स्मार्टफोन में बेहतरीन कैमरा और एंड्रायड अपडेट भी मिलेंगे। फुली फीचर्ड इस स्मार्टफोन को मुकेश अंबानी ने भारत का ही नही दुनिया का सबसे सस्ता स्मार्टफोन बताया। बीते साल ही रिलायंस जियो ने गूगलसंग साझेदारी की घोषणा की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने नए स्मार्टफोन के बारे में कहा कि ''हमारा अगला कदम गूगल और जियो के साथ मिलकर बनाए गए एक नए, किफायती जियो स्मार्टफोन के साथ शुरू होता है। यह भारत के लिए बनाया गया है। यह उन लाखों नए उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं खोलेगा जो पहली बार इंटरनेट का अनुभव करेंगे। गूगल क्लाउड और जियो के बीच एक नई 5जी साझेदारी एक अरब से अधिक भारतीयों को तेज इंटरनेट से जुड़ने में मदद करेगी तथा भारत के डिजिटलीकरण के अगले चरण की नींव रखेगी।''

संक्षिप्त समाचार

देश में डेल्टा + के 40 केस

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस के 'डेल्टा प्लस' वेरिएंट के करीब 40 मामले सामने आए हैं। इसे 'चिंताजनक स्वरूप' की श्रेणी में रखा गया है। मंत्रालय ने बताया कि डेल्टा के अलावा डेल्टा प्लस समेत डेल्टा के सभी उप-वंशों को वेरिएंट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में रखा गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'भारत में अब तक 45,000 से अधिक नमूनों की जांच-पड़ताल के बाद डेल्टा प्लस वेरिएंट अ .1 के करीब 40 मामले महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं सामने आए हैं।

मध्यप्रदेश के उज्जैन में इस वैरिएंट से पहली मौत की पुष्टि हुई है। प्रदेश में अब तक इसके 5 केस सामने आ चुके हैं।

उज्जैन के कलेक्टर आशीष सिंह ने ने बताया कि मध्य प्रदेश में डेल्टा प्लस के 5 मामले सामने आए हैं। इसमें भोपाल में 3 और उज्जैन में 2 मामले हैं। इसमें से उज्जैन के एक मरीज की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिस महिला की मौत हुई है, उसे टीका नहीं लगा था। महिला के पति ठीक हैं, जिन्हें टीका भी लग चुका था।

पूर्वानुमान लगाने वाली कंपनी ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स ने बुधवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कोविड-19 के नए मामलों में कमी के बीच राज्यों द्वारा प्रतिबंध हटाने की रणनीति समझदारी भरी नहीं है क्योंकि कई राज्यों में कोविड टीकाकरण की रफ्तार अभी भी काफी धीमी है।

सुविचार

जिस प्रकार नीम के पेड़ को घी दूध से सींचने पर भी वह कड़वाहट छोड़कर मीठा नही होता है ठीक उसी प्रकार एक दुर्जन व्यक्ति पर भी सत्संग का कोई प्रभाव नहीं पड़ सकता है।

● चाणक्य

गुड मॉर्निंग

पत्नी - अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे...?
पति - शायद मै भी मर जाऊं...
पत्नी - क्यों...?
पति - कभी-कभी ज्यादा खुशी भी जानलेवा होती है...!!

बिजनेस

सेंसेक्स
52,699.00+392.92 (0.75%)
निफ्टी
15,790.45+103.50 (0.66%)

दैनिक पंचांग

तिथिः कृष्ण वर्षा
मास अमांतः ज्येष्ठ
मास पूर्णिमांतः आषाढ
वारः शुक्रवार सम्वतः 2078
नक्षत्रः मूल - 06:40:41 तक, पूर्वाषाढ़ा - 28:25:57 तक
योगः ब्रह्म - 22:36:46 तक

मौसम

अधिकतम – 29°
न्यूनतम – 24°
सूर्योदयः 05:24:34
सूर्यास्तः 19:22:32

डॉ आराधना कुमारी

व्हट्सप/सम्पर्क सूत्र -9975800608

नोट :–महिलाएं अपनी समस्या /कैरियर /रोजगार से कैसे जुड़े /अपने को आत्मनिर्भर कैसे बनाये जैसे विषय पर जानकारी के लिए संपर्क करे।

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

उपायुक्त की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक

- **30 हजार लोगों को मिलेगा राशन कार्ड का लाभ**
- **जरूरमंद लोग जल्द करें, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन-राजेश्वरी बी**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
समाहरणालय सभागार में उपायुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ व एमओआईसी को निर्देश दिया कि अपने अपने कार्यक्षेत्र के सभी कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कराकर मासिक प्रतिवेदन नियमित रूप से जिला को उपलब्ध कराएं।
बैठक में उपायुक्त को सीडीपीओ एवं एमआईसी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने कुपोषित बच्चे का इलाज तो करवाते हैं लेकिन केंद्र में रुकना नहीं चाहते हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रचार प्रसार के माध्यम से उन्हें बताएं कि कुपोषण उपचार केंद्र में रहने वाले कुपोषित बच्चे कि मां को प्रतिदिन 100 के हिसाब से 15 दिन का 1500/- रुपए दिया जाता है।
वैसे परिवारों को दीदीबाड़ी योजना से भी जोड़ें ताकि कुपोषित बच्चे को पोषण का लाभ मिले। कुपोषण परिवार के मदद करने वाले लोगों को कुपोषण वारियर के रूप में प्रोत्साहित करें।
जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि 9वां कक्षा का नामांकन जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में शौचालय एवं पानी की असुविधा है। वहां जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अब टोला एवं मोहल्ला वाइज वैक्सीनेशन सेंटर बनाकर कर लक्ष्य पूरा किया जाए।
उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि जो भी कुपोषित बच्चे हैं उनके परिवार में राशन कार्ड है या नहीं इसकी जानकारी लें यदि है तो उसमें सभी परिवार के सदस्यों का नाम जुड़ा है या नहीं। राशन कार्ड नहीं है तो जल्द ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की कार्रवाई करें।
उपायुक्त ने बताया कि सुरक्षा अधिनियम के तहत 3000 लोगों को राशन कार्ड का लाभ से जोड़ा जा सकता है। जो भी असहाय और गरीब व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित है। उनका राशन कार्ड में नाम जुड़वाने का कार्रवाई अवश्य करें। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ संजय सिंह, अपर समाहर्ता राजेश कुमार राय, जिला योजना पदाधिकारी अरुण द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एमओआईसी एवं अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने की तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
उपायुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में तकनीकी पदाधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि मेडिकल कॉलेज दुमका का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। मॉडल कॉलेज दुमका का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। बाउंड्रीवॉल का कार्य अभिलंब पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त को बताया गया कि दिघी के यूनिवर्सिटी कैंपस का कार्य प्रगति पर है। जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। एकलव्य रेसीडेंसी स्कूल काठीकुंड का निर्माण कार्य लगभग 90% पूर्ण हो गया है। उपायुक्त द्वारा जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।
बास्कीनाथ एवं मलूटी में हेलीपैड का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। फिश मार्केट तीन बाजार दुमका का कार्य पूर्ण हो चुके हैं सभी दुकानदारों को शिफ्ट कर दिया गया है। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, दुमका द्वारा बताया गया कि हिजला पेयजल आपूर्ति योजना का फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है इसे अभिलंब पूर्ण कर लिया जाएगा।
सहायक अभियंता पथ प्रमंडल दुमका द्वारा बताया गया कि मलूटी से चित्रागड़िया पथ का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। हथियापाथर से नकटी पथ का कार्य 85% पूर्ण हो गया है। उपायुक्त द्वारा अपूर्ण कार्य को अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा बताया गया कि 15 कॉमन फैसिलिटी सेंटर निर्माण कार्य योजना में से 4 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष का भी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर दिया जाएगा।
उपायुक्त ने वन स्टॉप सेंटर जल्द से जल्द कंप्लीट कर जिला समाज कल्याण विभाग को हैंड ओवर करने का निर्देश दिया। साथ ही नर्स हॉस्टल बिल्डिग की जर्जर अवस्था को मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया।
बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ संजय सिंह, अपर समाहर्ता राजेश कुमार राय, जिला योजना पदाधिकारी अरुण द्विवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित तकनीकी पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

मास्क सेनिटाइजर का वितरण करते हुए लोगों को किया टीकाकरण हेतु प्रेरित

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
भारत सेवाश्रम संघ दुमका शाखा के स्वामी प्रणबानंद सेवासदन अस्पताल की भ्रमनशील मेडिकल टीम द्वारा गुरुबार को रानीश्वर प्रखंड के पारपलसा गांव में शिविर लगाकर लोगो को मास्क एवं सेनिटाइजर बितरण किया गया। टीम में शामिल डा० अशोक भट्टाचार्य एवं डा. गोपाल प्रसाद साह ने 56 लोगो का इलाज कर मुफ्त दबा बितरण किया हैं। शिविर में प्रयोगशाला प्राबेधिकी

बुद्धदेव गांगुली, सुप्रभात दास, शक्ति माहातो मौजूद रहे। डा. भट्टाचार्य ने बताया कि गांव के अधिकांश लोग कोरोना का टीका ले चुके हैं। मोबाईल यूनिट के द्वारा गांव गांव में शिविर लगाकर लोगो को वैक्सीन लेने के लिये जागरूक किया जा रहा हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा हॉस्पिटल-सुनील सोरेन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
रामगढ़ बाजार के गोड्डा रोड में गुरुवार को मां तारा हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। हॉस्पिटल का उद्घाटन दुमका सांसद सुनील सोरेन ने किया। हॉस्पिटल उद्घाटन के बाद सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह हॉस्पिटल मील का पत्थर साबित होगा। अस्पताल में जिस प्रकार की सुविधा देने की बात कही गई है उससे साफ जाहिर है कि यहां के ग्रामीणों को चिकित्सा सेवा के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। इस अस्पताल में छोटे-छोटे कई प्रकार के बीमारी का इलाज किया जा सकता है। उन्होंने हॉस्पिटल के संचालक को कहा कि इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा देकर निश्चित तौर पर यहां के लोगों का कल्याण करेंगे। मां तारा हॉस्पिटल के संचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि हॉस्पिटल में जनरल फिजीशियन, जनरल सर्जन, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ समेत अन्य डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। हॉस्पिटल में देवघर के हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिकेत कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ श्रुति सिंह, डॉ रू-ही कुमारी, जनरल फिजीशियन डॉ उत्तम कुमार, जनरल सर्जन सह एनएमसीएच पटना के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बी. के. गुप्ता, जनरल सर्जन सह मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एसके दास एवं एमडी डॉ पी. के. सिंह अपनी सेवा देंगे। हॉस्पिटल में हाइड्रोसील, हर्निया, अपेंडिक्स, बाबासीर, गॉलब्लैडर में पथरी, फिसर, फेसटुला, बच्चादानी इत्यादि का ऑपरेशन किया जाएगा। हॉस्पिटल में ईसीजी, पैथोलॉजी, निमुलाइजर, मॉनिटर ऑक्सीजन समेत अन्य सुविधा उपलब्ध होगी। हॉस्पिटल में इमरजेंसी की 24 घंटा सेवा उपलब्ध होगी। उद्घाटन के दौरान डॉ अंकित कुमार, डॉ पीके सिंह, संतोष कुमार, जयकांत मंडल, दिलीप साह उपस्थित थे।

तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने की आशंका

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए में बनाए जा रहे 40 बेड का चाइल्ड कोविड वार्ड 4 से 5 दिनों में तैयार हो जाएगा। यह बाते उपायुक्त राजेश्वरी बी ने अयोजित कोविड टास्क फोर्स की बैठक में कही। उपायुक्त ने चाइल्ड कोविड वार्ड के लिए पारा मेडिकल स्टाफ और डॉक्टर्स की ट्रेनिंग नियमित समय अंतराल पर कराने को कहा।
इसके लिए ट्रेनिंग शिड्यूल बनाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। उपायुक्त ने फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पीएसए प्लांट लगाने के कार्य प्रगति की समीक्षा भी की। उपायुक्त ने सभी टास्क फोर्स के पदाधिकारियों से कहा कि जिला में कोरोना संक्रमण के दर में कमी आई है। लेकिन अभी रिलैक्स होने का समय नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए सभी प्रो-एक्टिव होकर काम करें।
कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए जिला में ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हो इसके लिए सेशन साइट और मेडिकल टीम की संख्या बढ़ाकर करने का निर्देश दिया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को विलेज वाइज प्लान बनाकर लोगों का टीकाकरण कराने कहा। उन्होंने कहा कि मोबाइल वैन के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण बढ़ाएं। वहीं, जिला में कोविड जांच की निरंतरता बरकरार रखने और दूसरे राज्यों से आने वालों लोगों की कोरोना जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश एसडीओ को दिया गया। जगह जगह पर मास्क चेकिंग अभियान चलाया जाए। दुकानदारों को भी सख्त निदेश दिया जाए कि कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 व्यक्तियों ने भरा जुर्माना

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
वर्तमान में जिले में 58 कंटेनमेंट जोन सक्रिय हैं।ज्ञात हो कि कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के निवास स्थल को केन्द्र बिन्दु मानते हुए भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में कंटेनमेंट जॉन बनाये जा रहे हैं।
कंट्रोल रूम को आमजनों से कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त सभी शिकायतों का निष्पादन किया गया। दरअसल कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए आमजनों के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कोविड-19 से संबंधित शिकायत या सूचना प्राप्त कर सकता है। 24×7 यह कंट्रोल रूम कार्यरत है। मास्क नहीं पहनने एवं कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 व्यक्तियों से 8650 रुपये जुर्माना वसूल किया गया है।

कोरोना वायरस अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ-सुनील सोरेन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
कोरोना वायरस अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। लोगों को अभी लंबे समय तक पूरी तरह सावधानी बरतनी होगी अन्यथा कभी भी यह लापरवाही लोगों को महंगी पड़ सकती है। उक्त बातें दुमका सांसद सुनील सोरेन ने गुरुवार को रामगढ़ बाजार में मास्क वितरण करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना वायरस को रोकने में सही काम कर रही है। लेकिन ग्रामीणों को भी अपनी सुरक्षा के लिए संयम बरतनी होगी। सरकार ने लॉकडाउन भले ही खत्म कर दिया है लेकिन ग्रामीण को अभी पूरी तरह नियंत्रण में रहना होगा। जिस प्रकार लोग अब बिना मास्क के घूमने लगे हैं इससे साफ जाहिर होता है कि खतरा कभी भी आ सकता है। उन्होंने रामगढ़ बाजार के सभी ग्रामीणों से वैक्सीन लगवाने का अनुरोध किया। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव गांव में सभी लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक करें। कोरोना वायरस से बचने के लिए वैक्सीन बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ही वैक्सीन को लेकर प्रारंभ में दुष्प्रचार किया जिसका नतीजा है कि आज ग्रामीण क्षेत्र में एक आदिवासी समुदाय के लोग वैक्सीन लेने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन अब आदिवासी लोगों में भी वैक्सीन के प्रति जागरूकता आ रही है। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता जय कांत मंडल, अरुण मंडल, दिलीप साह, अरुण यादव, गुलटन ठाकुर, राजीव गुप्ता, राजकिशोर भगत, मनोहर हेम्ब्रम, सुरेंद्र राय उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बी टाइप के ऑक्सिजन सिलेंडर कुल सिलेंडर-289, फुल सिलेंडर-254 उपलब्ध है। वहीं डी टाइप के ऑक्सिजन सिलेंडर कुल सिलेंडर-248, फुल सिलेंडर-245 उपलब्ध है। ऑक्सिजन रेगुलेटर विथ सिलेंडर-77 तथा स्टॉक में 246 है। बी टाइप के ऑक्सिजन ट्रॉली विथ सिलेंडर-64,डी टाइप के ऑक्सिजन ट्रॉली विथ सिलेंडर-10 उपलब्ध है।ऑक्सिजन मास्क नेजल विथ सिलेंडर -77 तथा स्टॉक में 360 उपलब्ध है। ऑक्सिजन कंसेंट्रेटर टोटल-58 हैं जिनमें ऑन यूज्ड-58 हैं एवं स्टॉक में 0 है।

मिलिए 82 साल की चुमकुई से मन में भ्राति रखे सभी वर्ग के लोगों के लिए सीख

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। जिला के गोपीकांदर प्रखंड अंतर्गत कुसचिरा पंचायत के रांगा ग्राम में 82 वर्षीय महिला चुमकुई मरांडी ने गुरुवार को कोरोना की वैक्सीन लेकर एक मिसाल कायम की। आशंकाओं को दूर करने के लिए उन्होंने सभी योग्य लोगों को सलाह दी कि वे वैक्सीनेशन करवाएं और वायरस को रोकने के लिए स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करें। उनका मानना है कि बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। उन्होंने कहा, अगर आप टीका लगाने के योग्य नहीं हैं, तो आपको सरकार द्वारा बताए गए स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। मुझे वैक्सीन लगवाने के बाद कोई असुविधा नहीं हुई। एक स्वस्थ व्यक्ति को टीकाकरण के बाद किसी भी तरह के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का डर नहीं होना चाहिए। उनकी प्रशंसा करते हुए, उपायुक्त राजेश्वरी बी ने जिले के सभी योग्य लाभुकों से अपील की है कि वे सभी आशंकाओं से छुटकारा पाएं और अपने और अपने परिवार का टीकाकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल, रेडक्रॉस भवन, अग्रसेन भवन और जिले के सभी नामित स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण किया जा रहा है। साथ ही सभी प्रखंड में भी टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। विभिन्न इलाकों में विशेष शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। आगे आए और टीका लगवाए।

जिला खनन पदाधिकारी ने किया दिगुली बालुघाट का निरीक्षण

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार तांती ने गुरुवार को मयुराक्षी नदी के झारखंड पश्चिम बंगाल सीमा के दिगुली बालुघाट पहुंच कर निरीक्षण किया। मंगलवार की रात पश्चिम बंगाल के बालु कारोबारी द्वारा झारखंड के सीमा के करीब दो ढाई सौ फीट अंदर घुस कर पोकलेन से बालु उठाव किया जा रहा रहा था। स्थानीय लोगों ने पोकलेन मशीन को रोक कर रानीश्वर थाना को इसकी सूचना दी। सूचना प्राप्त होने पर रानेश्वर थाना के पुलिस बल द्वारा पोकलेन को जब्त कर थाना लाया गया है। पोकलेन जब्त होने के बाद गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार तांती, अंचलाधिकारी अतुल रंजन भगत, थाना प्रभारी राजीव प्रकाश, अंचल निरीक्षक खुदु मरांडी, मीन तथा पुलिस बल के साथ दिगुली बालुघाट पहुंच कर निरीक्षण किया। दिगुली बालुघाट का सीमांकन को लेकर अंचलाधिकारी को दिशा निर्देश भी दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि बालू के अवैध खनन में लिप्त जप्त किये गये पोकलेन मशीन के मालिक एवं चालक के विरूद्ध रानेश्वर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

तीन दुकानदार से बंगाल पुलिस ने की पूछताछ

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। नकली शहद के अलावा अन्य आयुर्वेदिक सामान बेचने के आरोप में गुरुवार को पश्चिम बंगाल के कुल्टी थाना की पुलिस ने टीन बाजार के तीन दुकानदारों ने नगर थाना में पूछताछ कर दुकानों की तलाशी ली। दुकान में किसी तरह का नकली सामान नहीं मिलने पर सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।
नगर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि कुल्टी थाना की पुलिस ने नकली शहद के अलावा अन्य आयुर्वेदिक सामान बेचने के आरोप में डीलर पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया था। बेटे को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह नकली सामान टीन बाजार के तीन दुकानदारों को बेचता था। कुल्टी थाना की चार सदस्यीय टीम ने कार्रवाई के लिए सहयोग मांगा था। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर टीम के सदस्यों ने दुकान में छापा मारा और पूछताछ के लिए थाना लेकर आए। दुकान में किसी तरह का नकली सामान बरामद नहीं होने पर दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

रोजगार सेवक से मांगा स्पष्टीकरण

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को बीडीओ राजेश सिन्हा ने आसनसोल पंचायत भवन में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, प्रधान कार्यकारी समिति, ग्राम पंचायत के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा की समीक्षा। आसनसोल के रोजगार सेवक के कार्य से संतुष्ट नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।
बीडीओ ने बताया कि पंचायत में 45 से अधिक उम्र के 60 प्रतिशत व्यक्तियों ने पहली और 30 फीसद लोगों ने कोरोना रोधी टीका की दूसरी डोज ले ली है। पंचायत सचिव और मुखिया को निर्देश दिया कि प्रत्येक गांव व टोला में सर्वे कर टीका नहीं लेने वाले व्यक्तियों की सूची या संख्या उपलब्ध कराएं, ताकि गांव और टोला में ही केंद्र बनाकर सभी का टीकाकरण किया जा सके। आसनसोल गांव में निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया तो मनरेगा के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाये जाने पर रोजगार सेवक बसंत कुमार टुडू को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण पूछा। सात योग्य लाभुकों को मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन व तीन को वृद्धावस्था पेंशन का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

एक कुपोषित बच्चा को एमटीसी पाकुड़ भेजा गया

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। गुरुवार को प्रखंड अमड़ापाड़ा अंतर्गत ग्राम मोरियो के डोगरी टोला में एक कुपोषित बच्चे का पहचान किया गया. बच्चे नाम स्टेंसिला सोरेन जिनका उम्र 8 वर्ष है. पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा उनके माता पिता को साहिया एवं सेविका के सहयोग से समझा कर कुपोषण उपचार केंद्र पाकुड़ भेजने हेतु परामर्श दिया गया. साथ ही साथ बच्चे के माता-पिता को यह भी बताया गया कि उनको जाने के लिए गाड़ी का व्यवस्था 108 वाहन के रूप में कर दिया जाएगा और कुपोषण उपचार केंद्र में बिना रूपया का ईलाज किया जायेगा. काफी समझाने के बाद बच्चे के माता पिता कुपोषण उपचार केंद्र पाकुड़ जाने को तैयार. हुए मौके पर मोरियो की सेविका एवं साहिया उपस्थित थे.

ब्लॉक एवं थाना के समीप कोविड-19 का सैंपल संग्रहित किया गया

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। कोरोना वायरस के रोकथाम व इससे बचाव के मद्देनजर कोविड 19 की जांच हेतु गुरुवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया के गेट के समीप एवं थाना के मुख्य गेट के समीप में विशेष जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान आम जनो का कोविड 19 जांच हेतु सैम्पल संग्रहित किया गया। साथ ही शिविर में सैम्पल देने वालों का पूरा विवरण भी एकत्र किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सभी स्वाब सैम्पल की जांच एंटीजन किट व टू नेट मशीन से की जायेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया मैं सैम्पल संग्रहण केंद्रों में समाचार प्रेषण तक 200 लोगों का स्वाब सैम्पल लिया जा चुका था तथा आगे शिविर में उपस्थित लोगों के जांच का कार्य चल रहा था। मौके पर अलख कुमार, विनोद ढाका, नागेश्वर प्रसाद, अटल बिहारी, नित्या कुमार पाल, राजकुमार ठाकुर, नूर आलम शेख, सतीश टुडू, रविंद्र मुर्मू, शिवराम किस्कू सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

आईआरएस कीटनाशक छिड़काव किया गया

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सिंदरीसोल गांव में गुरुवार को आईआरएस कीटनाशक छिड़काव किया गया। छिड़काव का पर्यवेक्षण केटीएस संजय मुर्मू एवं एमपीडब्ल्यू सिबराम किस्कू तथा नूर आलम द्वारा किया गया। केटीएस संजय मुर्मू ने बताया कालाजार एक घातक बीमारी है जिससे बचने के लिए किटनाशी छिड़काव आवश्यक है। घर के सभी कमरों में गुणवत्तापूर्ण छिड़काव होने से 80% तक कालाजार रोगों से निजात पाया जा सकता है। घर के सभी जगह जैसे घर के चारों कोना, दीवारों पर किया गया।

144 लाभुको को 2960 मुर्गी चूजों का वितरण किया गया

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के जोहार परियोजना पाकुड के अंतर्गत संथाल परगना प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा पाकुड़ सदर प्रखंड के सीतापहाड़ी गांव में मुर्गी चूज़ा बैकयार्ड पोल्ट्री योजना अंतर्गत सोनाली वेरायटी का मुर्गी चूज़ा कुल 30 लाभुको को 50 मुर्गी चूज़ा, 2 ड्रिकर, 2 फीडर, 8 किलो 250 ग्राम मुर्गी दाना प्रति लाभुक करके निःशुल्क वितरण जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा के द्वारा किया गया। इसी प्रकार छोटा मोहलान, बड़ा मोहलान, सितागढ़ तथा हरीगंज गाँव के 114 लाभुको को भी प्रथम चरण में शेष रहे 2960 मुर्गी चूजों का वितरण किया गया। जोहार परियोजना के तहत प्रत्येक उत्पादक समूह के सदस्यों को मुर्गी का चूजा हेतु 2400, कार्यशील पूंजी 1600 एवम 3500 रुपया मुर्गी का शेड बनाने के लिए भी राशि दिया गया है। जोहार परियोजना का मुख्य उद्देश्य समूह के दीदियों के आय को दुगुना करना है, जिसके तहत सरकार एवं जेएसएलपीएस इस दिशा में प्रयासरत हैं और उनको समय-समय पर योजना का लाभ देकर उनकी आय को बढ़ाने में सहायता कर रहा है। मौके पर बीपीएम मो फैज़ आलम, डीपीओ गौतम कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज झा, एफटीसी संतोष कुमार, पशु सखी सुलेखा बीबी, सक्रिय महिला यातून परवीन समेत अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस नेत्री ने किया कोविड 19 टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। कांग्रेस नेत्री मोनिता कुमारी ने पाकुड़ शहर के वार्ड नं 11 सिद्धार्थनगर में कोविड वैक्सिनेशन केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची। वैक्सिनेशन सेंटर में चल रहे टीकाकरण कार्य के दौरान मोनिता कुमारी ने स्वास्थ कर्मियो एवं टीका लगवाने पहुंचे लोगो से बातचीत की और मौजूद युवक युवतियों से अपने अपने वार्डो के शत प्रतिशत लोगो को टीकाकरण कराने की अपील की। वैक्सिनेशन सेंटर का निरीक्षण करने के उपरांत कांग्रेस नेत्री ने शहरवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि कोविड वैक्सिनेश ही संक्रमण से बचाव का एकमात्र उपाय है। मोनिता कुमारी ने नगर वासियों से कोविड नियमो का अनुपालन करने, नियमित मास्क का उपयोग करने और सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करने की भी अपील की। उन्होने कोरेाना संक्रमण के तीसरे लहर से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियो को भी लोगो को बताया। मोनिता ने झारखंड व प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने एवं संक्रमितो के समुचित इलाज के लिए की गयी व्यवस्था की सराहना की। नेत्री मोनिता कुमारी ने वृद्ध महिला एवं पुरूषो के अलावे दिव्यांगो को वैक्सिनेशन के दौरान कि सी प्रकार की दिक्कते न हो इसके लिए स्वास्थ कर्मियो को आवशयक निर्देश भी दिया. इस मौके पर समाजसेवी संतु चौधरी, अजंता राय सहित दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। पच्चास लोगों ने वैक्सीन का पहला डोज लिया।

झारखण्ड मातृत्व शिशु सुरक्षा पोषण माह कार्यक्रम का निरीक्षण किया

पाकुड़िया। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। गुरुवार को मॉडल भीएसएनडी आंगनबाड़ी सेंटर डुमोरशोल, मोंगलाबाँध का निरिक्षण पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी मनोज महतो के द्वारा किया गया. निरीक्षण के उपरान्त झारखण्ड मातृत्व शिशु सुरक्षा पोषण माह प्रोग्राम को देखते हुए उन्होंने बताया की सभी लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलानी हैं एवं पोषण से सम्बन्धित उन्हें समुचित व्यवहार के बारे में बताना हैं. सभी लाभार्थियों को विटामिन ए के बारे में एवं पोषण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया. लोगों को यह भी बताया गया कि कोविड -19 का वैक्सीन लगवाना बहुत जरुरी हैं. जिनके-जिनके घर में 18 साल से ऊपर या 45 साल से ऊपर के व्यक्ति हैं उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर आवश्यक रूप से वैक्सीन लगवा ले साथ ही साथ उपस्थित सभी लोगों को कोविड -19 से बचाव हेतु नियमित रूप से मास्क लगाना एवं बार झबार अपने हाथों को साबुन से धोने के बारे में बताया गया मौके पर एएनम आंगनबाड़ी सेविका सहिया एवं लाभार्थी उपस्थित थे.

पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक

- **27 जून से शुरू होगी तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान, लगभग एक लाख 87 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला टास्क फोर्स (पल्स पोलियो अभियान) की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह एवं आईटीडीए निर्देशक मो० शाहिद अख्तर उपस्थित थे। इसमें आगामी 27 जून से शुरू होने वाले तीन दिवसीय विशेष पल्स पोलियो अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। मौके पर सिविल सर्जन रामदेव पासवान एवं डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि ने तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में अभियान को सफल बनाने के लिए वैक्सीनेटरों एवं सुपरवाइजरों को शतप्रतिशत प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उपायुक्त ने प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने को कहा। कहा कि जनवरी माह में आयोजित अभियान में हमारा प्रदर्शन पूर्व के अपेक्षा बेहतर हुआ है। इस बार उसे और बेहतर करना है। उन्होंने शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान की मानीटरिंग व सफल आयोजन को लेकर जिले के सात वरीय पदाधिकारियों को टैग किया गया है। उन्होंने सभी वरीय पदाधिकारियों को अपने- अपने प्रखंड के बीडीओ/एमओआइसी एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी बूथों पर वैक्सीनेटरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं आठ बजे से पोलियो खुराक पिलाने का कार्य शुरू करने को कहा।
उपायुक्त ने कहा कि अभियान के पहले दिन 27 जून को बूथ पर एवं 28 - 29 जून को डोर टू डोर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाया जाएगा।
पोलियो खुराक पिलाते समय सभी कर्मचारी मास्क दस्ताना पहनकर पिलाएं एवं बच्चा का मुंह खुद ना खोल कर बलिक उनके परिवार से मुंह खुलवाएं और आप सिर्फ पोलियो खूराक दे। इसके लिए सभी संबंधित विभाग जरूरी कार्यों का ससमय निष्पादन करें। किसी भी तरह की त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग किसी भी स्तर से नहीं हो यह सभी एमओआइसी सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में आम जनों को अभियान की तिथि व बूथ की जानकारी देने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर प्रतिनिधियों, जल सहियाओं को अभियान के संबंध में अवगत कराने एवं अपने - अपने पोषक क्षेत्र के लोगों को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने को कहा। उपायुक्त ने कोविड - 19 के तहत जारी गाइडलाइन का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा। कहा कि सभी बूथों पर कार्यरत वैक्सिनेटरों को मास्क, गलब्स एवं सेनीटाइजर उपलब्ध कराएं। पोलियो खुराक पिलाने के दौरान वैक्सिनेटर बच्चे का मुंह नहीं खोले। अभिभावकों को ही बच्चे का मुंह खोलने को कहे। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। बूथ के बाहर बैनर -पोस्टर आदि लगाएं। मौके पर पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल ने कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण अभियान है। लक्ष्य के अनुरूप इसे पूरा करें। जहां जरूरत होगी वहां पुलिस बल भी मुहैया कराई जाएगी। इस बाबत सभी थाना प्रभारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दे दिया गया है। मौके पर उप विकास आयुक्त अनमोल सिंह ने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने की बात कहीं। कहा कि यह सुनिश्चित करें कि पोलियो खुराक पिने से कोई भी बच्चा छूटे नहीं। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने भी तैयारियों को लेकर विभिन्न बिदुओं पर जानकारी दी।
बैठक में डीएसओ शिवनारायण यादव, डीएसई दुर्गानंद झा, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद दास, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल अशोक कुमार, मुख्यालय डीएसपी बैधनाथ प्रसाद, डीपीआरओ महेश राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजु कुमारी, अमड़ापाड़ा बीडीओ निशा कुमारी, हिरणपुर बीडीओ उमेश कुमार, पाकुड़िया बीडीओ मिथिलेश कुमार, पाकुड़ बीडीओ मो. सफीक आलम, महेशपुर बीडीओ उमेश कुमार मंडल, सभी प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ व अन्य उपस्थित थे।

जिला योजना पदाधिकारी ने पुराना समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया

- **धरती पर जीवन के लिए पेड़-पौधों का होना अति आवश्यक**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
पुराना समाहरणालय परिसर में जिला योजना पदाधिकारी चंद्रभूषण तिवारी ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी ने कहा कि धरती पर जीवन के लिए पेड़-पौधों का होना अति आवश्यक है। पेड़-पौधा की धड़ल्ले से कटाई के कारण कई प्रकार की परेशानियों का सामना मनुष्य को करना पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पेड़-पौधों को नहीं काटे। जंगल को उजड़ने से बचाए। जंगल नहीं होंगे तो इंसान भी नहीं रह पाएगा। इसलिए जंगलों को हर हाल में सुरक्षित रखने की जरूरत है। जंगल न सिर्फ इंसानों के लिए जरूरी है बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी जंगल का होना अति आवशयक है। उन्होंने कहा कि पौधा को सिर्फ लगाकर अपनी जिम्मेवारी पूरा नहीं करें। बल्कि उसकी अच्छी तरीके से देखभाल भी करना जरूरी है। वर्तमान परिवेश में काफी भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है। पेड़-पौधा से लोगों को आर्थिक लाभ भी हो सकता है। उन्होंने आनेवाली पीढ़ी के लिए पेड़-पौधा लगाने व उसे सुरक्षित रखने की अपील की। साथ ही पाकुड़ को हरा-भरा रखने व स्वच्छ रखने की आ''ान लोगों से किया है। इस दौरान बरगद का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर युआईडी डीपीओ रितेश कुमार, गोपाल प्रसाद, शंकर मुर्मू, जिला विकास शाखा के प्रधान सहायक समेत अन्य उपस्थित थे.

महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर उसके साथ सहायक कृषि यंत्र दिया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग पाकुड़ के द्वारा राज्य योजनान्तर्गत वित्तिय वर्ष 2021-22 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर उसके साथ सहायक कृषि यंत्र दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके तहत आज सदर प्रखंड के भूमि संरक्षण कार्यालय में भूमि संरक्षण पदाधिकारी राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में मिलन सखी मंडल भवानीपुर, बेदाना सखी मंडल चंद्रपारा, मासूम बाबा सखी मंडल चेंगाडांगा की दीदियों के साथ प्रशिक्षण सह कृषि यंत्र प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा, लाइवलीहुड मैनेजर परिमल सरकार, बीपीएम मो० फैज़ आलम, एफटीसी पंचू रविदास समेत अन्य उपस्थित थे।

किसी ठोस प्रशासनिक पहल तक जारी रहेगी भूख हड़ताल: सुरेश

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
विगत छह महीने से बाधित शहरी जलापूर्ति योजना को चालू कराने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल की भूख हड़ताल गुरुवार को चौथे दिन भी जारी है।श्री अग्रवाल ने कहा है कि शहरी जलापूर्ति योजना चालू होने तक मेरी भूख हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि गत 21 जून से वे इस मांग को लेकर नगर परिषद कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल कर रहे हैं। इस दौरान उनके मित्रों व शुभ चिंतकों के अलावा विगत छह महीने से पानी की किल्लत झेल रहे आम लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुँच कर उन्हें अपना समर्थन दे रहे हैं। जिनमें से बड़ी संख्या महिलाओं की है। आलम यह है कि मौके पर पहुँचने वाली अधिकांश महिलाएँ अपने साथ पानी व जूस की बोतलें लेकर पहुँच रही हैं। श्री अग्रवाल पीने की बोतलें ले लेते हैं बांकी सब वापस कर देते हैं। उनसे मिलने आने वालों में कांग्रेस, भाजपा, लोजपा, राजद आदि से जुड़े लोगों की तादाद भी काफी है। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को सिविल एसडीओ के निर्देश पर सदर प्रखंड बीडीओ शफीक आलम तथा पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव मौके पर पहुँच कर बगैर प्रशासनिक अनुमति के कोविड काल में सार्वजनिक स्थल पर भूख हड़ताल करने को गैर कानूनी बता कर खत्म करने का आग्रह किया था। जिसे श्री अग्रवाल ने कानून का डर दिखाकर हड़ताल खत्म कराने की कोशिश करार देकर समस्या के समाधान तक भूख हड़ताल खत्म करने से मना कर दिया था।
उन्होंने मौके पर पहुँचे पदाधिकारियों से पूछा कि मैंने भूख हड़ताल करने की लिखित आवेदन दिया था। जिसके अस्वीकृत करने की सूचना क्यों नहीं दी गई। तीसरे दिन कानून के उल्लंघन करने की बात की जा रही है। श्री अग्रवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि नगर परिषद अथवा स्थानीय प्रशासन कोई ठोस पहल करने के बजाय किसी भी तरह से हड़ताल खत्म कराने की कोशिश में लगा हुआ है। मौके पर सदल बल तैनात दंडाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार की मौजूदगी में भी पेयजल की किल्लत झेल रहे लोगों की आवाजाही जारी है।

बिचौलिया ने 6 लाभुको से आवास पूर्ण करने के लिए लिए 6 लाख 16 हजार रुपया लेकर फरार

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
जिले के महेशपुर प्रखंड के पथरिया पंचायत अंतगर्त सामु बरमशिया गांव के छह पीएम आवास लाभुकों का रूपया बिचौलिया द्वारा लेने के वावजुद लाभुकों का आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पीएम आवास लाभुक कालीचरण तुरी, जितना तुरी, महादेव तुरी, पारो देवी, बंगाली तुरी और लाल मडैया ने बीडीओ उमेश मंडल को लिखित शिकायत कर बिचोलिया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है। लाभुको ने बताया कि छोट केंदुआ गांव के बिचोलिया सादेक अंसारी ने वर्ष 2017-18 में छह लाभुकों का आवास निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का ठीका लिया था। जिसके एवज में लाभुकों ने 6 लाख 16 हजार रूपये दिये थे लेकिन बिचौलिया आवास का भवन जैसे तैसे आधा अधुरा में छोड़ कर फरार हो गया। जिससे बारिश के मौसम आते ही परेशानी बढ़ जाती है लोग टुटी झोपड़ी में गुजर बशर करने को मजबुर है।

● पीड़ित लाभुकों की सूची:--

1. लाभुक कालीचरण तुरी, कार्य लिटंन तक हुई, देय राशी 1 लाख 2 हजार
2. लाभुक जितना तुर, कार्य खिड़की तक कार्य, देय राशी 1 लाख 3 हजार
3. लाभुक पारो देवी, कार्य लिंटन तक हुई, देय राशी 1 लाख 2 हजार
4. लाभुक महादेव तुरी, कार्य लिंटन तक, देय राशी 1 लाख 4 हजार
5. लाभुक बंगाली तुरी, कार्य खिड़की लेवल तक, देय राशी 1 लाख 3 हजार
6. लाभुक लाल मडैया, कार्य लिटंन तक, देय राशी 1 लाख 2 हजार

● क्या कहते है थाना प्रभारी

रत्नेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आवेदन के आधार पर जांच के पश्चात आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

ग्रामीणों को कोविड-19 वैक्सीनेशन को लेकर जागरूक किया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।
गुरुवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम मोरियो के आंगनबाड़ी सेंटर में सेविका और सहिया के सहयोग से ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया. उक्त बैठक में पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन के हेतु विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया. उपस्थित सभी लोगों को यह भी बताया गया कि कोविड-19 का वैक्सीन लगवाना बहुत जरूरी है. जिनके जिनके घर में 18 साल के ऊपर या 45 साल के ऊपर के व्यक्ति हैं. उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर आवश्यक रूप से वैक्सीन लगवा ले. साथ ही साथ उपस्थित सभी लोगों को कोविड-19 से बचाव हेतु नियमित रूप से मास्क लगाना एवं बार-बार अपने हाथों को साबुन से धोने के बारे में बताया गया मौके सहिया एवं लाभार्थी उपस्थित थे.

सीडीपीओ की मौजूदगी में किया गया बाल संरक्षण समिति का गठन

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह।

गावां प्रखण्ड अंतर्गत सभी 134 आंगनबाड़ी केंद्रों में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की टीम द्वारा बाल संरक्षण समिति का गठन किया जा रहा है। बाल विकास परियोजना विभाग गावां, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की टीम के साथ मिलकर बाल संरक्षण समिति को सशक्त बनाएगी। उपरोक्त बातें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आरती कुमारी ने गावां पंचायत अंतर्गत मुस्लिम टोला में बाल संरक्षण समिति के गठन के दौरान कही। बाल संरक्षण समिति का जो मुख्य उद्देश्य है उसे हम लोग संयुक्त रूप से मिलकर पूरा करेंगे।

सत्यार्थी फाउंडेशन के साथ मिलकर महीने में एक बार पंचायत स्तर पर इस समिति की बैठक का आयोजन होगा ताकि बाल श्रम,बाल विवाह एवं बाल व्यापार मुक्त समाज बनाने की दिशा में काम किया जा सके। हर बच्चे की शिक्षा और सुरक्षा हम सभी की नैतिक जवाबदेही भी है, जिसे हम लोग मिलकर पूरा करेंगे।

गावां प्रखण्ड अन्तर्गत 17 ग्राम पंचायतों में कुल 134 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, अभी तक कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की टीम द्वारा 40 केंद्रों में इसका गठन किया जा चुका है। सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में पूरी टीम सहयोग भी कर रही है।

आज के गठन में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आरती कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका गुलशन आरा, पोषण सखी तम्मना परवीन,

नुसरत परवीन, नफीसा खातून, मो. जसीन, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र पंडित, मो.आरिफ अंसारी, कृष्णा पासवान, सुरेन्द्र सिंह और पंकज कुमार उपस्थित थे।

सोनामुनि मुर्मू से मिलने पहुंची उपायुक्त

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।

फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती सोनामुनि मुर्मू से मिलने पहुंची उपायुक्त राजेश्वरी बी। उपायुक्त ने भर्ती महिला से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन महिला की ओर से कोई उत्तर नहीं दिया गया। उपायुक्त द्वारा महिला को आवशयक सामग्री भी दी गई। उपायुक्त ने बताया कि लगभग 2 महीने से महिला का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा है। 2 महीने पहले ही महिला के परिजन द्वारा भर्ती कराया गया था, लेकिन उसके बाद किसी भी परिजन ने महिला की देख रेख के लिए नहीं आए और ना ही ले गयें। महिला की दिमागी हालत ठीक नहीं है। अस्पताल की स्टाफ कमल देवी द्वारा लगभग 2 महीने से उनकी देख रेख कर रहीं हैं। यहाँ तक कि खाना, नहलाना, बाथरूम ले जाना सारे काम को उनके द्वारा ही किया जा रहा है। महिला की दिमागी हालात ठीक नहीं है इसी कारण वह इधर उधर चली जाती है। अस्पताल के कर्मी द्वारा बताया गया कि कभी कभी बेड से नीचे गिर जाती हैं। इसके लिए एक अतिरिक्त बेड भी लगाया गया है। परिवार को सुचित करने की कार्रवाई की जा रही है ताकि उन्हें घर भेजा जा सके। जबतक अस्पताल में हैं उनकी देखरेख अस्पताल कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

नवजात शिशु की देखभाल और परिवार नियोजन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह।

गावां प्रखण्ड स्थित प्रखण्ड विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय प्रक्षिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में गर्भावस्था के दौरान नवजात शिशु की देखभाल और परिवार नियोजन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीडीपीओ आरती कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका अनिता यादव, कैलाश सत्यार्थी चिरड्रेन ×फॉन्डेशन के सुरेंद्र त्रिपाठी उपस्थित लोगों को बताया कि शिशु जन्म के तुरंत बाद देखभाल के लिए गर्भावस्था की तीसरी तिमाही से ही तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिशु के जन्म के

तुरंत बाद ही स्तनपान कराना चाहिए व शिशु को गर्माहट देना चाहिए। गर्भनाल की स्वच्छता पर विशेष ध्यान पर जोर दिया गया। साथ ही कहा कि शिशु को स्वच्छ हाथों और कम से कम व्यक्तियों के द्वारा छूना चाहिए। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान ही दंपत्ति को अगले संतान के लिए नियोजन में मदद करने पर चर्चा करते हुए कहा कि इस दौरान माहवारी वापस आने से पहले ही दुबारा गर्भधारण संभव है। दंपत्ति के नियोजन के हिसाब से जरूरी है कि प्रसव के लिए ऐसे अस्पताल की पहचान करें जहां पीपीटीएल या पीपीआईयूडी की सेवा उपलब्ध हो। सीडीपीओ आरती कुमारी ने बताया कि पर्यवेक्षिका अनिता यादव को आज ट्रेनिंग दिया गया है अब पर्यवेक्षिका गावां प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी सेविका, साहियका व पोषण सखी को ट्रेनिंग देगी।

संक्षिप्त समाचार

विवाहोत्सव पर यथासंभव सहयोग की माँग

देवघर । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। ज्ञात हो कि नारायण सेवा आश्रम अनाथालय की एक बेटी, बहन सीता का एक जुलाई २०२१ को विवाहोत्सव है जिस संदर्भ में एसकेएमयू के छात्र संघ के सचिव अनाथालय पहुँचे जहां बच्चों के हित में वहाँ उनका अक्सर आना जाना लगा रहता है। विश्वराज सिंह ने कहा कि विवाह की तैयारी बड़े पैमाने पर सम्पन्न होना था किंतु कोविड १९ के इस भयावह महामारी को देखते हुए इसे कोरोना गाइडलाइन के दिशानिर्देश पर सम्पन्न किया जाएगा। कोविड के कारण लगभग २ महीने बाद सचिव अनाथालय पहुँचे और विवाहोत्सव की तैयारी का जानकारी लिया एवं जो सामग्री अभी तक क्रय नहीं हो पाया है उसको पूरा करने का ज़िम्मेवारी लिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से समाजसेवी, जनता प्रतिनिधि, मित्र, सम्बन्धी एवं योग्य लोगों से बहन सीता के विवाहोत्सव पर यथासंभव सहयोग भी माँग रहे है एवं विवाहोत्सव पर बहन सीता के खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद देने के लिए लोगों को आमंत्रण भी दिया।

अब भी 55 ऑक्सीजन सिलेंडर गायब, चोरी मामले में तीसरे लिपिक नपे

हजारीबाग । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग से 182 ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी के मामले में तीसरे लिपिक पर कार्रवाई की गई है। यह लिपिक एसबीएमसीएच का लिपिक सह प्रभारी लेखापाल रविरंजन है, जिसे स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने सस्पेंड कर दिया है। डीसी की अनुशंसा पर स्वास्थ्य निदेशक ने यह कार्रवाई करते हुए उसका मुख्यालय सिविल सर्जन कार्यालय गुमला बनाया है। उस पर कार्यों में शिथिलता बरतने, सही ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करने, ऑक्सीजन सिलेंडर में हेराफेरी, रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी समेत कई आरोप लगे हैं। इससे पहले ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी मामले में आउटसोर्सिंग कंपनी के दो चालकों और दो वार्ड ब्वॉय को जेल भेजा गया है। वहीं सात जून को जिला लेखा प्रबंधक भोलाशंकर गुप्ता और दो जून को स्टोर इंचार्ज शंभू शरण को इसी मामले में सस्पेंड किया जा चुका है। सदर थाना प्रभारी गणेश सिंह ने बताया कि अब भी 55 ऑक्सीजन सिलेंडर गायब हैं। स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम इस मामले की गहन पड़ताल में जुटी है।

फुटानी चौक से पेंसरा जाने वाली सड़क काफी जर्जर स्थिति में

गिरिडीह । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। बगोदर प्रखंड के मुंडरो पंचायत के फुटानी चौक से पूर्वी दिशा की ओर जाने वाली सड़क काफी जर्जर और किचड में तब्दिल हो गई है। यह रोड कई गांव को जोड़ता है जिससे वहाँ के स्थानीय निवासीयों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी हालत है कि आप चप्पल के सहारे रास्ते को पार नहीं कर सकते है। क्योंकि सड़क पूरी तरह से किचड नुमा हो गई है ऐसा प्रतीत होता है कि यह तालाब बन गया है। यह बरसात की शुरुआत है। बरसात में और दिक्कत परेशानी होगी। अभी स्कूल बंद है नहीं तो स्कूली बच्चों को काफी परेशानी होती है। चार पहिया वाहनों को इस रास्ते को पार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। यहां के स्थानीय लोग बार बार इस रास्ते की मरम्मती फरियाद कर चुके है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

दो बच्चे की माँ ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

- **पिता और भाई ने कहा ससुराल वालों ने मार डाला**

गिरिडीह । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। तिसरी प्रखण्ड अन्तर्गत खरखरी पंचायत के किसुटांड गाव की दो बच्चे की माँ रीना देवी पति पवन कुमार यादव 28 वर्ष ने गुरुवार 11 बजे दिन को अपने घर में फंसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है। पुलिस पहुचने से पूर्व फंदे से शव को उतार कर खाट पर रखा गया था। सूचना पाकर तिसरी थाना प्रभारी पीकू प्रसाद और सब इंस्पेक्टर साधन कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोसमार्डम हेतु गिरिडीह भेज दिया है।

मृतक के पति पवन प्रसाद यादव पूछ ताछ के दौरान पुलिस को बताया उसकी पत्नी मायके जाने की तैयारी कर रही थी। अचानक इसके मन मे क्या आया कि उसने फाँसी लगा लिया।

मृतक के 7 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार और 5 वर्षीय पुत्री करिश्मा कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। उन्होंने ने बताया वह खेलने गया था। घर के सामने हल्ला सुनकर आने पर देखा कि उसकी माँ खाट पर मरी पड़ी है।

मृतक के पिता बिरनी प्रखण्ड निवासी एतवारी महतो ने कहा उसकी पुत्री को ससुराल वालों ने मार डाला है। हमेशा उसके साथ झगड़ा झंझट होता ही रहता था। भाई संजय यादव ने कहा उन लोगो को सही से सूचना भी नही देकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। हत्या में सामील सभी लोगो के बिरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

थाना प्रभारी पीकू प्रसाद ने बताया महिला के गले मे काला दाग है। दाहिना हाथ के तलवे में मिट्टी लगा हुआ है। मामले में तहकीकात किया जा रहा है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उचित कानूनी। कार्रवाई किया जायेगा।

बता दें मृतक महिला की मृत्यु की सूचना पाकर उसके मायके वाले बिरनी प्रखण्ड से किसुटांड गाव लगभग 20 से 25 महिला पुरुष पहुच कर आक्रोश व्यक्त किया और मृतक के पति, सास और अन्य परिजनों की पिटाई हेतु ढूंढ रहे थे। उसी समय मौके पर तिसरी पुलिस पहुची और मामले को शांत कराते हुए कहा घटना हो चुकी है आप सब कानून को हाथ मे नही ले दोषी व्यक्ति पर उचित कानूनी करवाई किया जायेगा। पुलिस द्वारा दिये गये आश्वासन पर सभी शांत हुए और शव पुलिस को उठाने दिया।

कोरोना त्रासदी के बीच महंगाई जान लेवा : माले

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

महंगाई के खिलाफ फूंका गया प्रधानमंत्री मोदी का पुतला

गिरिडीह। कोरोना प्रोटोकॉल को लेकर भीड़ नहीं लगाना था सिर्फ मेसेज देना है केंद्र सरकार को।

पेट्रोल डीजल समेत खाद्य पदार्थों में बेतहाशा मूल्य वृद्धि के खिलाफ आज भाकपा माले नगर सह मु×फ्सील कमिटी की ओर से स्थानीय हाई स्कूल मैदान में प्रधानमंत्री मोदी का पुतला फूंक कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

कार्यकर्म की अगुवाई माले नेता उज्वल साव, प्रीति भास्कर व मो सलाउद्दीन ने करते हुए कहा कि कोरोना त्रासदी के बीच महंगाई की यह मार देश की जनता के लिए एकदम जान लेवा है। लोगो के पास पैसे नहीं है, रोजगार छीन गए है ऊपर से इस महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

इस विकट काल में जनता को राहत देने के बजाय उन्हें जान लेवा महंगाई की चक्की में पीस दिया जा रहा है,साथ ही जनता को बोलने के अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है। हम आज के प्रतिरोध कार्यकर्म के जरिए केंद्र सरकार से यह मांग करते है कि तत्काल डीजल पेट्रोल सहित खाद्य पतार्थो की मूल्य वृद्धि को वापस लिया जाए, आज के कार्यकर्म में माले से मो सलाउद्दिन, निशान्त भास्कर, मो सरफराज, सोहेब आलम, डब्लू वर्मा, रूपेश सिंह, संजय कुमार आदि थे।

एनडीए और यूपीए से जनता त्रस्त, विकल्प की कर रही तलाश

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह। आम आदमी पार्टी गिरिडीह ने गुरूवार को जिला कार्यालय में झारखंड के नव नियुक्त दोनों प्रदेश सह प्रभारियों शैलेन्द्र पाण्डेय और योगेन्द्र कुमार पाटिल का जोरदार स्वागत किया। जिला संयोजक कृष्ण मुरारी शर्मा की अध्यक्षता में दोनों सह प्रभारियों के अलावा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दीप नारायण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता आबिद अली, धनबाद जिला संयोजक देवनाथ सिंह का स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड सह प्रभारी शैलेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि यूपीए और एनडीए दोनों से देश की जनता परेशान है। अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली में जनता को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, सड़क दुघर्टना में घायलों का मुफ्त इलाज, घर में बैठे बैठे लोगों को जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि जरूरी सुविधाओं को पहुँचाने का काम रही है। सह प्रभारी योगेन्द्र कुमार पाटिल ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन और ईमानदार राजनीति आम आदमी पार्टी की पहचान है। जनता महंगाई से कराह रही है। डीजल, पेट्रोल, घरेलू गैस, सरसों तेल, दाल जैसी आवशयक चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं लेकिन सरकार बेपरवाह नजर आ रही है। कार्यक्रम को प्रदेश के नेता दीप नारायण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता आबिद अली, धनबाद जिला संयोजक देवनाथ सिंह, अमित सिंह, सागर चौधरी, मेहबूब अंसारी, निर्मल महतो, रोहित वर्मा, सृजन पाल सिंह, राजीव रंजन, तेज नारायण महतो, तैयब अंसारी, दानिश आलम, मुर्शीद मिर्जा, फुटपाथ नेता शोहराब आलम, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक सिन्हा ने संबोधित किया। इसके पहले कोरोना में मृतक लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सह प्रभारियों ने अधिवक्ता कुमार राकेश और इमरान खान समेत कृष्ण देव वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, मुकेश वर्मा, मनीष यादव, आनन्द सिंह, नितीश यादव, जितेंद्र कुमार, मो मेहराब, अली राजा मुस्तफा अंसारी को आम आदमी पार्टी की टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। स्वागत कार्यक्रम में कासीम अंसारी, मोसर्फ हुसैन, बदरूद्दीन अंसारी, रोजन अंसारी आदि कई लोग शामिल थे।

वैक्सीन के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने की जरूरत

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)



हजारीबाग ।

यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से टीकाकरण ही बचाव विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की कार्यक्रम समन्वयक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की कर रही थी एवं संचालन अमन हेंब्रम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के साथ हुई। स्वागत संबोधन आयोजन कर्ता डॉ खेमलाल महतो ने प्रस्तुत की। वेबिनार में मुख्य अतिथि के रुप में नेहरू युवा केंद्र संगठन झारखंड के राज्य निदेशक विजय कुमार जुड़े थे। उन्होंने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र एक सिस्टर ऑर्गेनाइजेशन है, दोनों ही समाज में फैले विसंगतियों एवं भ्रांतियों को दूर कर स्वच्छ भारत सुंदर भारत के साथ स्वस्थ भारत की रूपरेखा को आकार प्रदान कर रहा है। समाज के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा एवं जिम्मेवारी का भाव ही हमें स्वयंसेवक बनाता है, इसलिए हमें सुनिश्चित करना है कि टीकाकरण से कोई भी वर्ग अछूत ना रह जाए। विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रूद्र शेखर ने टीकाकरण से संबंधित भ्रांतियों से दूर रहने का उपाय बताया और साथ ही प्रश्नोत्तर काल में सबके मन के सवालों को बेहद सरलता पूर्वक तरीके से शांत किया। डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ने कहा की समाज में नकारात्मकता फैलाने वाले लोग ये नहीं समझ रहे हैं कि वे वैचारिक अपंगता के सहारे लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। टीकाकरण है सुरक्षित रहने और टिके रहने की एकमात्र उपाय है। वेबीनार को प्राध्यापक प्रो0 गीता सिन्हा एवं प्रो0 अरुण मिश्रा ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन ज्योति जारिका ने प्रस्तुत की। वेबिनार में डॉ संगीत वर्मा, डॉ शीला सिंह, वंदना चौरसिया, डॉ एस नीरज, अभिषेक रंजन, अंजली राज, सुसोधन दास, सुजाता कुमारी, ताराकांत कुमार, दीपक कुमार, स्मृति भारद्वाज आदि ने भाग लिया।

सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उलंघन कर चार बजे के बाद भी कर रहे हैं दुकानदारी

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

दुमका ।

उपराजधानी दुमका में जिला प्रशासन द्वारा कोरोना से बचाव को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. लोगों से अपील की जा रही है कि सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें. प्रखंड से लेकर जिला तक सभी प्रशासनिक पदाधिकारी गाइडलाइन का अनुपालन कराने हेतु प्रयासरत हैं, वहीं दुकानदारों द्वारा कोरोना गाइडलाइन का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है. सरकार द्वारा तय समय चार बजे के बाद भी दुकानदारों द्वारा दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए दुकानदारी की जा रही है. एक स्थानीय बुद्धजीवी ने बताया कि दुकानदारों द्वारा खुल्लम खुल्ला गाइडलाइन का उलंघन किया जा रहा है जिसकी जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी से लेकर थाना प्रभारी तक को दी गई, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता से सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है. कुछ दुकानदार तो शाम 6 बजे तक दुकानदारी कर रहे हैं.

संक्षिप्त समाचार

सरकार को विकास से कोई लेना देना नहीं

दुमका। झारखंड राज्य की वर्तमान सरकार से विकास की उम्मीद करना पूरी तरह बेईमानी होगी। सरकार को विकास से कोई लेना देना नहीं है। सरकार के विधायक से लेकर मंत्री तक सभी अवैध उगाही करने में लगे हुए हैं। उक्त बातें गुरुवार को दुमका सांसद सुनील सोरेन ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार में कार्य क्षमता की काफी कमी है। तभी तो महारो के पास एकमात्र भुरभुरी पुल के कारण दुमका जिले की कई सड़कों को खराब करवा दिया। इस दौरान रामगढ़ बाजार के ग्रामीणों ने सांसद से रामगढ़ दुमका जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। सांसद ने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर माह में ही लगभग सवा करोड़ रुपए की राशि से इस सड़क की मरम्मत पथ निर्माण विभाग द्वारा कराई गई थी। छह-सात माह के अंदर पुनः लगभग एक करोड़ की राशि से मरम्मत कराई जाएगी। विभाग पूरी तरह से मरम्मत के नाम पर केवल राशि लूटने के लिए बैठी हुई है। करोड़ों रुपए की लागत से सड़क की मरम्मत की जाती है और केवल छह माह में ही सड़क खराब हो जाता है। सांसद ने कहा कि सड़क मरम्मत की पूरी तरह निगरानी रखी जाएगी। गड़बड़ी होने पर उनके द्वारा आंदोलन भी किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता जयकांत मंडल, राजीव गुप्ता ने सांसद से कहा कि प्रखंड के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। वह किसी कार्यकर्ता को तरजीह नहीं देते हैं। केवल चार-पांच लोगों को बिचौलिए के तौर पर रखा है। उन्हीं के माध्यम से प्रखंड का सारा कार्य कराया जाता है। दिन-रात यह कार्यकर्ता बीडीओ के आगे पीछे घूमते रहते हैं। प्रखंड मुख्यालय के सामने के रखल दास ने सांसद से कहा कि बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय का मुख्य दरवाजा को कई माह से बंद करके रखा है। इससे आम लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। जिसके कारण गेट के सामने का दुकानदार का धंधा भी पूरी तरह चौपट हो गया है।

असंतुलित होकर ट्रांसफार्मर से टकराई कार

दुमका। गोविंदपुर-साहेबगंज नेशनल हाईवे के दुमका-जामताड़ा मुख्य पथ पर रानीघाघर मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार सुबह दस बजे धनबाद की ओर आ रही एक मोटर कार असंतुलित होकर सड़क किनारे ट्रांसफॉर्मर में जा टकराई। जिससे कार (जेएच10 बी बी 5713) एक तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई है, वहीं ट्रांसफॉर्मर का पोल टूट गया है। इस घटना में मोटर कार चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद रानीघाघर के ग्रामीण चालक से पोल ठीक कराने पर अड़ गए। बाद में मसलिया पुलिस सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों को नया पोल गड़वाने पर ही गाड़ी को छोड़ेंगे का आस्वासन देकर क्षतिग्रस्त कार व चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। इस संदर्भ में बिजली विभाग की ओर से खबर लिखे जाने तक कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता के मोबाइल पर सम्पर्क साधने की कोशिश की गई परन्तु स्वीच ऑफ बताया। थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने बताया कि विभाग की ओर शिकाकत आने पर कार्रवाई की जाएगी। अभी कार व चालक थाने में है।

पंचायत दिवस के अवसर पर योजनाओं की समीक्षा बैठक

दुमका। पंचायत दिवस के अवसर पर आसनसोल पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, प्रधान कार्यकारी समिति, ग्राम पंचायत आसनसोल एवं अन्य के साथ कोविड 19 टीकाकरण, 15 वित्त योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मनारेगा योजना की समीक्षा की गई। आसनसोल पंचायत में 45 वर्ष से अधिक उम्र के 60 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा टिका का प्रथम डोज लिया गया है और 30 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा द्वितीय डोज लिया गया है। उपायुक्त राजेश्वरी बी के निदेशानुसार बीडीओ द्वारा पंचायत सचिव और मुखिया को यह निदेश दिया गया है कि प्रत्येक गाँव और टोला में सर्वे कर टीका नहीं लेने वाले व्यक्तियों की सूचि या संख्या उपलब्ध कराएं ताकि गाँव और टोला में ही टीकाकरण केंद्र बनाकर शतप्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना और 15वें वित्त आयोग अंतर्गत योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के लिए पंचायत सचिव को निदेश दिया गया, और आसनसोल गाँव में निर्माणधीन आवास का भौतिक निरिक्षण भी किया गया। आसनसोल पंचायत में मनरेगा के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर रोजगार सेवक, बसंत कुमार टुडू को कड़ी फटकार लगाते हुए सपष्टीकरण किया गया है। आसनसोल पंचायत के 07 योग्य लाभुकों को मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना और 03 योग्य लाभुकों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धवस्था पेंशन योजना स्वीकृत करते हुए प्रमाण-पत्र दिया गया।

दुमका में हत्यारों ने चौकीदार की हत्या के बाद कार में आग लगा दी, हत्याकांड से सहमा गांव

ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

दुमका।

मुफ्फसिल थाना में पदस्थापित एक चौकीदार की धारधार हथियार से हत्या कर दी गयी है। उसकी गाड़ी को भी आग लगा दी गयी। चौकीदार मो शबीर की लाश गुरुवार की सुबह पुलिस ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमहानी गाँव के ढाका मोड़ स्थित मुख्य मार्ग से बरामद किया। मृतक की लाश उसकी वर्दी में ही मिली है। वहीं चौकीदार मो शबीर के चार पहिया वाहन को हत्यारों ने आग के हवाले कर दिया जो जलती हुई अवस्था में जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशडीह के जंगल से बरामद किया गया। जहाँ मृतक की कार मिली है वह घटनास्थल से काफी दूर है। वहीं चौकीदार मो शबीर की जिस जगह लाश मिली है वह जिले के तीन थाना क्षेत्र काठीकुंड, शिकारीपाड़ा और मुफ्फसिल का बॉर्डर इलाका है। पुलिस अधीक्षक अम्बर लकड़ा ने कहा कि मामले की हर बिंदु पर अनुसंधान की जा रही है और जल्द ही पुलिस किसी ठोस नतीजे पर पहुँचेगी। जांच में खोजी कुत्ते की भी मदद ली जा रही है। इधर घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के साथ दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। गांव के सिराज अंसारी एवं कलीम अंसारी ने कहा कि इस हत्याकांड से गांव में दहशत है। ग्रामीण काफी मर्माहत है। इस हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। जानकारी के मुताबिक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवारी गांव का रहनेवाला चौकीदार मो शबीर की ढाका मोड़ के पास मुख्य मार्ग पर सुबह लाश देखने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार एवं पुलिस के अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। बाद में एसपी अम्बर लकड़ा खुद घटना स्थल पर पहुँचकर मामले की जांच की। इस दौरान घटनास्थल के आसपास मृतक के कई सामान बरामद किए गए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को मामले को लेकर कई निर्देश दिया.

शासन-प्रशासन का नियंत्रण अपराधियों पर नही रहा : डॉ लुईस मरांडी

दुमका।

झारखण्ड सरकार की पूर्व मंत्री और भाजपा नेत्री डॉ लुईस मरांडी ने दुमका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौकीदार की हत्या पर दुख जताया है और मृत चौकीदार शब्बीर अंसारी के परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने मुफस्सिल थाना पहुंच घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति चौपट होते जा रही है। जिन्हें खुद जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगाया जा रहा है उनकी ही नृशंस हत्या कर दी जा रही है। उन्होंनें कहा कि दो दिन पहले जामा में अज्ञात शख्स की सर कटी लाश का मिलना, उससे कुछ दिन पहले पुलिस पदाधिकारी का ही पुलिस लाइन के पास से मुख्य सड़क से स्कार्पियो की चोरी होना यह दर्शाता है कि शासन-प्रशासन का नियंत्रण अपराधियों पर नही रहा है। वे मूकदर्शक बने हुए हैं। अपराध करने वालों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम आज के परिवेश में जन आंदोलन बनाने की जरूरत: हिसाबी राय

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि पखवारा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को भाजपा गंधाईपुर मंडल के अंतर्गत कार्यक्रम के मंडल प्रभारी-सह-जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तदोपरांत गोपीनाथपुर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शाबरी पाल, अनिकेत गोस्वामी, सुशील साह, सहित तौफीक राज, रामकृष्ण मंडल, विशाल मंडल, राहुल मंडल, भजन मंडल, वासुदेव मंडल, बिल्टू मंडल, तोयलौंग मंडल, पिंकी मंडल ऋषि मंडल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में हिसाबी राय ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला तदोपरांत गोपीनाथपुर में विभिन्न प्रकार के फल एवं पीपल तथा बढ़ का पौधा लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज पूरे प्रदेश भर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है। वृक्षारोपण कार्यक्रम आज के परिवेश में जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। लोगों को जागरूक करने हेतु जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए. जितनी हरियाली विकसित होगी उतना ही अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार होगा। मोके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शाबरी पाल और किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिकेत गोस्वामी उपस्थित थे.

डीडीसी ने पाकुड़िया प्रखंड के पालियदाह पंचायत में संचालित योजनाओं का लिया जायजा

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह के द्वारा पाकुड़िया प्रखंड के पालियादहा गांव में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना का गढ्ढा खुदाई, दीदी बागिया, कुप निर्माण, डोभा निर्माण, नाडेप, सोकपिट तथा रेन वाटर हार्वेस्टिग की योजनाओ का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने योजनाओ में महिला भागीदारी, बढ़ाने, प्रत्येक ग्राम में 5-6 योजना चलाने, ससमय मजदूरों को भुगतान कराने, सामग्री युक्त योजनाओ में गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा बागवानी सह सभी योजना स्थल पर प्राक्कलन के अनुरूप सूचना बोर्ड लगाने तथा निर्धारित समय सीमा के अंदर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधा रोपण के कार्यो पर ध्यान देने का निदेश दिया। डिमांड के अनुरूप मजदूर योजना में कार्य करे, गलत डिमांड नही हो इस पर ध्यान देने का निदेश दिया। अधिक से अधिक जल संचयन की योजना टीसीबी, फील्ड बण्ड लेने का निदेश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, बीपीओ जगदीश पंडित, एई रोहित गुप्ता, जेई, जीआरएस एंव पीएस उपस्थित थे।

जिले में 4911 लोगों को लगाया गया टीका

पाकुड़। विशेष टीकाकरण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों में कुल 4911 लोगों को टीका लगाया गया। 18 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड में 1470, पाकुड़िया प्रखंड में 130, हिरणपुर प्रखंड में 362, अमड़ापाड़ा प्रखंड में 356, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 560 एवं महेशपुर प्रखंड में 696 लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, 45 प्लस में पाकुड़ प्रखंड के 501, पाकुड़िया प्रखंड के 30, हिरणपुर प्रखंड के 198, अमड़ापाड़ा प्रखंड के 81, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के 240 एवं महेशपुर प्रखंड के 284 लोगों को टीका दिया गया। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिलावासियों से अपील किया कि बारी आने पर टीका अवशय लगाएं। बेवजह सड़कों पर नहीं निकले। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करें।

केंद्र सरकार ने गरीबों के मुंह से निवाला छीनने में कोई कसर नहीं छोड़ी: झामुमो नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर

- **केंद्र के मोदी सरकार महंगाई में काबू पाने में नाकाम: झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख**

पाकुड़। झामुमो नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख एवं प्रखंड सचिव पंचलाल यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा के केंद सरकार सात सालों की सरकार में महंगाई एवं हर मोर्चे पर विफल रही। केंद्र सरकार महामारी में भी अवसर तलासते हुए देश के उधोगपतियों व पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। कोरोना महामारी विकराल रूप होने के बावजूद सरकार बंगाल के बाद उत्तर प्रदेश चुनाव में केंद्रित है। जनता को केंद्र सरकार खुले आसमानों में मरने छोड़ दिया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेलों के दामो में काफी गिरावट के बावजूद देश मे डीजल-पेट्रोल के दाम आसमान छू रहें है। जिसमें सभी तरह का आवशयक वस्तुओं के दामो में बढ़ोतरी हुई है। जिसमें आम जनता का जीना दूभर हो गया है। झामुमो नगर अध्यक्ष नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर एवं प्रखंड उपाध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख ने कहा केंद्र की मोदी सरकार गरीब विरोधी है। सरकार की जनविरोधी नीति के कारण ही महगाई आसमान छू रही है। जिसमें आम जनता त्राहिमाम है। रोजमर्रा की वास्तो की कीमतों में सरकार की कान में जूं नहीं रेंग रही है। केंद्र के भाजपा सरकार ने गरीबों के मुंह से निवाला छीनने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

एसपी कॉलेज में एक दिवसीय वर्चुअल वर्कशॉप आयोजित

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई संताल परगना कॉलेज, दुमका (नैक अक्रिडीटेड ग्रेड- बी) के आई क्यू ए सी व महात्मा गांधी नेशनल कौंसिल ऑफ रूरल एडुकेशन के संयुक्त तत्त्वधान में 'साइको-सोशल स्किल्स फॉर हेल्पर इन टेकलिंग कोविड-19 पेंडेमिक ' विषय पर कॉलेज प्राचार्य सह चेयरपर्सन डॉ संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक दिवसीय वर्चुअल वर्कशॉप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज का विषय वर्तमान समय के लिए संगत व सार्थक है। पेंडेमिक से लड़ने के लिए सरकार का प्रयासों के साथ-साथ प्रबुद्ध लोगों का भी दायित्व है कि वो अपने स्तर से लोगो को मदद करने को तत्परता दिखाए। ऐसा होने से देश की उन्नति व विकास कर सकते है।

कार्यक्रम में विषय प्रवेश करते हुए मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक सह वर्कशॉप के संयोजक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि कोविड के महामारी से सभी लोग त्रस्त है। त्राहिमाम है। लोग मानसिक रूप से जहाँ परेशान है, कोरोना के अनिश्चितता के कारण विषादों में डूबे है तो वही मानसिक तनाव, पूर्णानुमानित भय, विषाद व संवेगात्मक परेशानियों से घिरे व बेचैन दिख रहे है। दूसरी तरह आर्थिक नुकसान, सामाजिक निंदा, पारिवारिक दुःख व चिंता से तंग आकर लोग आत्महत्या भी कर रहे है। ऐसे में लोगो को मनोवैज्ञानिक फर्स्ट एड के साथ एक अच्छे मददगार की भी जरूरत होती है जो ना केवल संवेगात्मक रूप से उनका दर्दे हाल जानने वाला हो, बल्कि सच्चे मन से मददगार करने वालो की आवशयकता होती है। ऐसे में सुझाव, समर्थन, सहयोग व मार्गदर्शन प्रभावित लोगों के लिए रामबाण साबित होता है। डॉ विनोद कुमार शर्मा ने हेल्पर के कुछ खास प्रमुख गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि उनमें सुनने की क्षमता, धैर्यता, आत्मविश्वास, निःस्वार्थ भावना, ईमानदारी, समानुभूति, सेंस ऑफ 'मर, अनकंडीशनल पॉजिटिव रिगार्ड, दूसरों के प्रति सम्मान, सकारात्मक मनोवृत्ति, गोपनीयता, विचारों का खुलापन व लचीलापन, सेवा लगनशीलता आदि का गुण होना चाहिए तभी लोगों के तनाव, विषाद, भय व संवेगात्मक विक्षोव को कम कर सकेंगे और लोगों को खुलशाली के वातावरण में ला पाने में पाएंगे। इस वर्कशॉप में वालंटियर्स के अनुभवों के साथ चर्चा दूसरे संसाधन सेवी रितिका पुनिया ने भी पांच खास सहायक जरूरतों की चर्चा की जो इस पेंडेमिक के लिए महत्व रखता है जिसमे हॉस्पिटल मैनजमेंट, टीम वर्क, वर्क विथ आनेस्टी एंड पॉजिटिव मनोवृत्ति प्रमुख है। उन्होंने टीम में काम करने की सलाह बताई तो वही उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। साथ ही कहा कि संदेह या परेशानी की स्थिति में स्वास्थ्य विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते है। साथ ही टीकाकरण की आवशयकता पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ शशि शेखर दास ने सरस्वती वंदना से शुरू कर दी। जबकि वेब मंच संचालन आई क्यू ए सी के कोऑर्डिनेटर डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो सुमित्रा हेम्ब्रम ने किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ ऋषिकेश कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ कुमार पीयूष, डॉ इंद्रजीत, डॉ धनंजय मिश्र, डॉ कमल हरि, प्रो निर्मल मुर्मू, प्रो पूनम बिंझा, डॉ शम्भू कुमार सिंह, डॉ त्रिज़ा टोप्पो, डॉ सौरभ कुमार, आदि शिक्षको ने सहयोग किया। गूगल मीट पर अपराह्न साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में सौ से अधिक विद्यार्थियों ने ना केवल हिस्सा लिया बल्कि बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

डीसी व एसपी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

पाकुड़।

उपायुक्त कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल ने आज सदर अस्पताल सोनाजोड़ी का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीयू एवं जनरल वार्ड, लैब चाइल्ड फ्रेंडली वार्ड एंव ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया। सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया और कहा की कोरोना की तीसरी लहर को लेकर पूर्ण रूप से सजग एवं तैयार रहने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है। इसी के निमित्त तीसरी लहर की संभावना के मद्देनजर बच्चों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चाइल्ड फ्रेंडली वार्ड व अन्य चिकित्सीय उपचार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आईसीयू एवं जनरल वार्ड का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने वहां भर्ती मरीजों से मुलाकात की। इस क्रम में उन्होंने मरीजों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं जानी तथा सिविल सर्जन को उनसे संबंधित समस्याओं का तत्काल निपटारा करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान, जिला सहकारिता पदाधिकारी कुमार गौतम, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एस.के झा, डॉ० अमित कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार, डीपीएम नीरज कुमार डीडीएम दीपक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

योग क्या है ?

यदि आपको लगता है कि योग का मतलब है अपने शरीर को अतरंग तरीके के मोड़ना, तो फिर समय आ गया है कि आप अपनी सोच पर एक बार गहनता से पुनर्विचार करें। योग सिर्फ आसनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि इससे कहीं अधिक है। सीधे-सादे शब्दों में कहा जाए तो यह अपने मन, शरीर और श्वांस की देखभाल करना है। योग शब्द "युज" से उत्पन्न हुआ है जिसका अर्थ होता है- एकजुट करना या एकीकृत करना `योग 5000 वर्ष से भारतीय ज्ञानपीठ का एक महत्वपूर्ण अंग है। योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से हम मन, श्वांस और शरीर के विभिन्न अंगो में सामंजस्य बनाना सीखते हैं।

घर में योगाभ्यास करने के 9 उपाय

घर में प्रत्येक दिन योगाभ्यास आपको स्वस्थ, अधिक सृजनशील, शान्त और प्रसन्न बनाता है। इसके अतिरिक्त यह लाभ केवल आपको आंनद देने के लिए ही नहीं हैं। यह न केवल आपको आंनद देता है बल्कि आपके परिवारजनो को अपने चारो ओर सकारात्मक ऊर्जा और आंनद का अहसास देता है। इसके अतिरिक्त आपको अपने घर के आरामदायक वातावरण में योगाभ्यास करने का मौका मिलता है।

राहुल कुमार

घर पर योग करने की 9 युक्तियाँ

● अपना सुविधाजनक समय चुने

सुबह के समय योगाभ्यास सबसे अच्छा होता हैं। यह आपको पूरे दिन ऊर्जा से पूर्ण रखता है । यदि ऐसा नहीं होता हैं तो अपने योगाभ्यास छोड़ने का बहाना मत बनाइये।आप अपना सुविधाजनक समय चुन सकते हैं। यह सुबह देर से,दिन में भोजन से पहले या शाम को हो सकता हैं। इस समय योगाभ्यास आपको ताजगी से भरा रखता हैं और तनाव से दूर रखता हैं।

● सुविधाजनक स्थान चुने

यह हमेशा सबसे अच्छा हैं कि अपने घर में योगाभ्यास के लिए एक छोटा, निजी कमरा चुने। कुछ समय योगाभ्यास करने से वहाँ सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होगी जो आपको और आपके परिवार को प्रसन्नता ,शक्ति और आराम देगी।यदि कभी यह संभव न हो तो घर में कोई शान्तिपूर्ण स्थान चुन सकते हैं जो इतना बड़ा हो कि वह आप अपना योगा मैट (चादर) बिछा सके।जहाँ आपके अभ्यास में कोई रूकावट न आये।

आपको यह ध्यान देना हैं कि योगाभ्यास के लिए स्थान साफ तथा हवादार हों, वह फर्नीचर और नुकीली वस्तुए न हो।

● योगाभ्यास खाली पेट करे

आपके आसान तब अच्छे होते हैं जब उसे आप हलके या खाली पेट करे। आप भोजन के 2 या 3 घण्टे बाद योगाभ्यास कर सकते हैं।

● योगाभ्यास के समय साधारण कपड़े पहने

योगाभ्यास के समय हल्के एवं आरामदायक कपड़े पहने। तंग कपड़े योगाभ्यास के लिए सुविधाजनक नहीं होते।अधिक साज सज्जा एवं जेवर पहन कर योगाभ्यास नहीं करना चाहिए।

● योगासन से पहले शरीर में गर्मी पैदा करने के लिए कुछ व्यायाम करें

यह आवस्यक हैं कि योगासन से पहले शरीर में लचीलापन उत्पन्न करने वाले कुछ व्यायाम करें जिससे माश्पेशियो में कोई तनाव न उत्पन्न हो।

● यह आपका अपना शरीर हैं, इसका ध्यान रखे।

अपने शरीर का सम्मान करे और योगासन एक मुस्कान के साथ करें। अपने शरीर का ध्यान रखते हुए योग की गति बढ़ाए। बहुत तेज गति से अभ्यास आपको तकलीफ और दर्द दे सकता हैं।

● दृढ़ बने रहें।

अपने योगाभ्यास में नियमित रहे इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाये,तब यह आसानी से आपकी आदत बन जायेगा।एक वरिष्ठ श्री श्री योग शिक्षक श्री कृष्ण वर्मा कहते हैं,₹20 मिनट का प्रत्येक दिन योगाभ्यास कभी कभी 2 घंटेअभ्यास से अधिक सकारात्मक परिणाम देता हैं।

● योग को परिवार का मनोरंजक समय बनाये

जब आप अकेले योगाभ्यास करते हैं तब आप आलस्य का अनुभव करते हैं या अच्छा महसूस नहीं करते। प्रयास करे कि यह अभ्यास परिवार और दोस्तों के साथ करें और फिर अंतर देखे। घर में योगाभ्यास परिवार को एक साथ लाता हैं।

● अलग अलग योग तकनीक को शामिल करें।

अलग योगाभ्यास अवं प्राणायाम का अभ्यास करे।यदि आपके पास समयाभाव हैं तो कुछ निश्चित योगाभ्यास प्रत्येक दिन करे।इसके पश्चात पूरे योग को संपूर्ण रूप से रविवार को करें। यह निश्चित करे कि योगाभ्यास के साथ योग निद्रा लें।

ध्यान रखें कि योगाभ्यास में केवल योगासन नहीं आते। इसके अतिरिक्त प्राणायाम,ध्यान और सुदर्शन क्रिया आती हैं जो आप हैप्पीनेस प्रोग्राम में सीखते हैं।

सूर्य नमस्कार आपके बच्चों की किस प्रकार से सहायता कर सकता है ?

क्या आप अक्सर अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को देखकर निराशा से भर जाते हैं? आप आप सोचते हैं कि आपने उसके लिए अच्छे ट्यूशन लगाए हैं, वह अपना अधिकतर समय अपने घर में अपनी पुस्तकों के साथ बिताता है। फिर भी उसके कड़ी मेहनत उसके परीक्षा के अंकों में दिखाई नहीं देती। यदि यह बात आपके लिए हकीकत है, तो आपको अपनी दुविधा का समाधान पता ही होगा : बच्चा अपनी पढाई पर पूरी तरह से ध्यान नहीं लगा पा रहा। एक फूल के विभिन्न भागों के बारे पढ़ते या जल की संरचना को समझते समय आपके मासूम बच्चे का मन इधर उधर भटकने लगता है।

इस बारे में आपके लिए अच्छी खबर यह है कि यदि आपका बच्चा शिवाजी और अकबर के युद्ध पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर पा रहा है, तो आप कुछ समय के लिए सिर्फ उसके भोजन व शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दीजिए और देखिए कि क्या चिप्स और तला हुआ भोजन उसे हरी सब्जियों से अधिक पसंद आ रहे हैं? क्या फेसबुक उसका वह समय ले रहा है जिसमे उसे बॉल या बैडमिण्टन खेलना होता है?

यदि विद्यार्थी इस प्रकार की जीवन शैली अपनाए हुए है जिसमें शारीरिक व्यायाम तथा सक्रियता बहुत कम हो गई है, तो उससे बच्चे के रक्त संचार पर बुरा प्रभाव पड़ता है। बच्चे आलसी होने लगते हैं इसका परिणाम यह होता है कि बच्चे किताबों में समय तो बहुत देते हैं पर याद कुछ भी याद नहीं रहता। एक अभिभावक के रूप में आप अपने बच्चे की इस आदत को बदल सकते हैं। बच्चे को थोड़ा सा समझाकर (कभी कभी थोड़ी सी कठोरता के साथ) उसमें स्वास्थ्यवर्धक भोजन करने व व्यायाम की आदतें डाली जा सकती हैं जिससे उसकी पढ़ाई और खेल में उसका प्रदर्शन सुधर सकता है। जब शरीर को अच्छा पोषण मिलता है, तो बच्चे की पढ़ने और याद रखने की क्षमता बढ़ जाती है। योग आसन, प्राणायाम व ध्यान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सूर्य नमस्कार अपने आप में एक परिपूर्ण तथा मजेदार योग क्रिया है जो कि 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक समन्वित रूप है। ये आसन बच्चों के लिए बहुत ही आसान तथा अत्यंत प्रभावी हैं जिसमें सूर्य भगवान के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ दिन की शुरुआत की जाती है।

बच्चों को सूर्यनमस्कार क्यों करना चाहिए ?

● माँस पेशियों की मजबूती

सूर्य नमस्कार का प्रत्येक आसन संरचनात्मक व क्रियात्मक दोनों ही रूप में शरीर के किसी विशेष अंग से संबंधित है। सूर्य नमस्कार के सभी आसन मिलकर शरीर की माँस पेशियों को मजबूत बनाने में सहयोग करते हैं।

● शरीर के भीतर से कार्य करते हैः

सूर्य नमस्कार शरीर को बाहरी रूप से ही लाभ नहीं पहुँचाता है बल्कि यह शरीर को भीतर से भी मजबूत बनाता है। यह हमारे शरीर के सौर केन्द्र अथवा हमारी नाभि पर असर डालता है जिससे हमारे तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) को लाभ होता है।

सूर्य नमस्कार के बहुत से लाभों में से कुछ महत्वपूर्ण लाभ निम्नलिखित हैंः

- एकाग्रता में बढ़ोत्तरी
- स्मरण शक्ति में बढ़ोत्तरी
- ऊर्जा में बढ़ोत्तरी
- शारीरिक शक्ति
- शांत एवं केन्द्रित मस्तिष्क
- प्रसन्नचित्त
- बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता
- अधिक कार्यक्षमत
- सीखने की क्षमता में बढ़ोत्तरी
- बेहतरीन चयापचय (मेटाबॉलिज्म)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529